दिनांकः— 06/08/2024

निर्णय

आज यह पत्रावली पेश हुई। प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र का सारतः रहा कि हाल जमाबंदी में वर्णित आराजी खसरा न0 1784 रकबा 0.18 है0, 1819 रकबा 0.43 है0 किता 2 रकबा 0.61 है0 वाके ग्राम पेहल में प्रार्थीया का नाम सुमित्रा पुत्री नत्थूराम संरक्षक सरपरस्त दादीमां मुर्ती पत्नि बिहारी हिस्सा 1/9 दर्ज रिकॉर्ड है। यह राजस्व अंकन गलत है। जबकि प्रार्थीया का नाम सुनिता पुत्री नत्थुराम है। एवं उक्त आराजी प्रार्थीया को जरिये विरासत नामान्तकरण संख्या 2060 दिनांक 24.12.2004 से प्राप्त हुई है। एवं उक्त नामांतकरण का अमल जमाबंदी संवत 2059—62 में जरिये नोट लगाकर किया गया है। उक्त नामांतकरण में प्रार्थीया के नाम का सही अंकन सुनिता पुत्री नत्थुराम किया गया एवं नामांतकरण संख्या 2667 से बंटवारा हुआ एवं उक्त नामांतकरण में भी नाम सही सुनिता पुत्री नत्थुराम अंकित किया गया। परन्तु जमाबंदी संवत 2063—66 में सहवन से प्रार्थीया का नाम सुमित्रा पुत्री नत्थुराम अंकित किया गया। एवं उक्तानुसार ही हाल जमाबंदी में भी प्रार्थीया के नाम का गलत अंकन है। जिसे दुरूस्त किया जाने बाबत निवेदन रहा है।

चुंकि प्रकरण तहसीलदार मुण्डावर द्वारा प्रेषित किया गया है तहसीलदार मुण्डावर से रिपोर्ट मय दस्तावेज एवं मय अभिषंशा संलग्न पत्रावली है प्रकरण को राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम की धारा 136 के तहत दर्ज रजिस्टर किया गया। एवं मुताबिक रिपोर्ट तहसीलदार प्रकरण में हाल खसरा नम्बर 1784 रकबा 0.18 है0, 1819 रकबा 0.43 है0 किता 2 रकबा 0.61 है0 वाके ग्राम पेहल के साबिक खसरा नम्बर क्रमशः 900/1 रकबा 0.18 है0 एवं 927/1 रकबा 0.43 है0 उक्त आराजी प्रार्थीया को मुताबिक नामान्तकरण संख्या 2660 विरासत से प्राप्त हुई है जिसमें प्रार्थीया का नाम सुनिता पुत्री नत्थुराम अंकित है, एवं नामान्तकरण संख्या 2667 विभाजन में भी प्रार्थीया का नाम सुनिता पुत्री नत्थुराम अंकित किया गया है किन्तु जमाबंदी संवत 2063—66 में प्रार्थीया का नाम सहवन से सुमित्रा पुत्री नत्थुराम गलत अंकित किय गया। मुताबिक मिसल बन्दोबस्त संवत 2072 में भी प्रार्थीया का नाम सुमित्रा पुत्री नत्थुराम किया गया जो वि हाल जमाबंदी में बदस्तूर अंकित है। अतः मुताबिक नामान्तकरण संख्या 2660 एवं जमाबंदी 2059—62 प्रार्थी का नाम दुरुस्त किया जाना प्रस्तावित है।

उपखण्ड अधिकारी
मुण्डावर (खैरथल-तिजारा)

Scanned with OKEN Scanner